माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID –registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 796 / प्रवेश /MSU/ 2023 24 दिनांक : 09-08-2023

द्वितीय ओपन मेरिट सम्बन्धी सूचना

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक पाठयकमों की प्रथम ओपन मेरिट की प्रवेश प्रकिया आज दिनांक 09.08.2023 को सम्पन्न हो जायेगी। समस्त स्नातक पाठयकमों में रिक्त सीटों के सापेक्ष द्वितीय ओपन मेरिट सूची हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल पर आनलाईन पंजीकरण पुनः दिनांक 10.08.2023 एवं 11.08.2023 को दोपहर 12:00 बजे तक होगें, ताकि वंचित छात्र पंजीकरण करा सकें। इस प्रकिया में उपरोक्त तिथियों में ही पुराने पंजीकृत छात्रों द्वारा नये पाठयकम (जिसमें अभ्यर्थी अर्ह है) परिवर्तित किये जा सकते है। समस्त पुराने पंजीकृत किन्तु अप्रवेशित अभ्यर्थी तथा नये पंजीकृत अभ्यर्थी जो प्रवेश लेने के इच्छुक है, वे दिनांक 10.08.2023 एवं 11.08.2023 को दोपहर 02:00 बजे तक विश्वविद्यालय पोर्टल से द्वितीय ओपन मेरिट हेतु आवेदन पत्र डाउनलोड कर रिक्त सीटों के सापेक्ष महाविद्यालयों/संस्थानों में दिनांक 10.08.2023 एवं 11.08.2023 दोपहर 02:00 बजे तक आवेदन पत्र जमा करायेगें। इन सभी जमा किये गये आवेदन पत्रों को पूर्व की भाँति महाविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रवेश पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दिनांक 11.08.2023 को दोपहर 02:30 बजे तक Add किया जायेगा। दिनांक 11.08.2023 को शाम 05:00 बजे तक महाविद्यालयों/संस्थानों को विश्वविद्यालय पोर्टल पर Add किये गये अभ्यर्थियों की मास्टर लिस्ट उपलब्ध करायी जायेगी। दिनांक 12.08.2023 को दोपहर 12:00 बजे तक महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा रिक्त सीटों के सापेक्ष वरीयता सूची विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कर छात्रो हेतु जारी की जायेगी। दिनांक 12.08.2023 को सॉय: 05:00 बजे तक विश्वविद्यालय द्वारा आफर लेटर जारी कर दिये जायेगे।

राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों द्वारा एक मेरिट सूची और उतने ही छात्रों की प्रतीक्षा सूची जारी की जायेगी। द्वितीय ओपन वरीयता सूची के प्रवेश दिनांक : 14 अगस्त, 2023 को 01:00 बजे तक किये जायेगे। इसके उपरान्त सीट रिक्त रहने की स्थिति में 01:00 बजे से 03:00 बजे तक द्वितीय ओपन की प्रतीक्षा सूची से वरीयता व आरक्षण अनुसार प्रवेश पूर्ण किये जायेगे।

स्ववित्तपोषित संस्थानों में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल पर अप्रवेशित समस्त छात्र–छात्राओं हेतु ऑफर लेटर निर्गत किये जायेगे। विश्वविद्यालय पोर्टल पर पंजीकृत कोई भी छात्र जहां वह प्रवेश चाहता है, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में सीधे जाकर प्रवेश करा सकता है।

महाविद्यालय /संस्थान बची हुयी समस्त आरक्षित वर्ग की सीटों व स्पोर्टस कोटे की बची हुयी सीटों को भी दिनांक 14.08.2023 को नियमानुसार भरना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित महाविद्यालय /संस्थान द्वारा दिनांक 14.08.2023 को ही विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर द्वितीय ओपन मेरिट के सभी प्रवेशों को सम्पुष्ट (Confirm) किया जायेगा। यह प्रवेश का अन्तिम अवसर होगा, इसके उपरान्त स्नातक पाठयकमों में प्रवेश नहीं होगें। महाविद्यालय /संस्थान समस्त प्रवेश नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में वे स्वयं जिम्मेदार होगें।

09-08-2023

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
एवं
प्राचार्य, चौ0 छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. सहायक प्रवेश समन्वयक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
5. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या /निदेशक , माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्व महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को इस आशय से कि वे छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने हेतु।
7. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं तदानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।

09-08-2023

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक